FIROZABAD POLICE
सुरक्षा आपकी
संकल्प हमारा

सराहनीय कार्य दिनाँक 01-10-2024 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर अभियुक्त तनजीब आलम तथा अनीस को पुलिस मुठभेड के दौरान किया गया गिरफ्तार।

- **अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद तमंचा 315 बोर, 03 खोखा कारतूस, 03 जिंदा कारतूस, लूट में प्रयुक्त 01 एक वैगनार कार, 41 एटीएम कार्ड, 02 मोबाइल फोन एवं 11,000 रुपये बरामद।**

दिनाँक 30-09-2024 को 02 अज्ञात अभियुक्तों द्वारा वादी अर्जुन से एटीएम कार्ड लूट कर सफेद रंग की कार से मौके से भाग जाने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी जिसके आधार पर मु0अ0सं0 426/24 धारा 303(2) बीएनएस0 पंजीकृत किया गया था।

उक्त प्रकरण के खुलासे हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में मु0अ0सं0 426/24 धारा 303(2) के सफल अनावरण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 01-10-2024 को सिरसागंज पुलिस टीम को चैकिंग के दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी की मु0अ0सं0 426/24 धारा 303(2) बीएनएस0 से सम्बन्धित अभियुक्त सफेद रंग की वैगनआर कार में सवार होकर ग्राम देहुली से कठफोरी हाइवे की तरफ आ रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान सामने से सफेद रंग की एक संदिग्ध कार आती हुई दिखाई दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। उक्त तो कार सवार संदिग्ध व्यक्ति कार से भागने लगे तथा ग्राम फक्करपुर तथा ग्राम घुड़िया टीकुर के मध्य कार से उतर कर भागने का प्रयास करने लगे, पुलिस टीम को अपनी तरफ आता देखकर कार सवार संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी। पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी फायरिंग में अभियुक्तों को गोली लग गयी जिन्हें पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 02 अदद तमंचा 315 बोर, 03 खोखा कारतूस 315 बोर, 03 जिंदा कारतूस 315 बोर, लूट करने में प्रयुक्त 01 वैगनार कार (UP-32-PP-4203), 41 एटीएम कार्ड, 02 मोबाइल फोन एवं 11,000 रुपये बरामद हुए है।

घायल अभियुक्तों की पहचान 1.तनजीब आलम पुत्र खुर्शीद आलम निवासी काहोरा का अड्डा चिड़ियाखाना मकान नम्बर 475 चौकी जहाँनाबाद थाना कोतवाली रायबरेली जनपद रायबरेली व 2.अनीस पुत्र नसीरखान निवासी ग्राम मड़ावा थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ के रुप में हुई है। दोनों अभियुक्त कस्बा सिरसागंज में दिनाँक 30/09/2024 को वादी अर्जुन से एटीएम कार्ड लूट कर भाग जाने के प्रकरण में वांछित अभियुक्त हैं। घायल अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरणः- दिनाँक 30-09-2024 को वादी द्वारा कस्बा सिरसागंज में स्थित बैंक ऑफ इण्डिया एटीएम का प्रयोग करते समय अभियुक्तों ने वादी का एटीएम पिन जान लिया तथा वादी के एटीएम से बाहर आने के पश्चात वादी का एटीएम कार्ड लूटकर सफेद रंग की कार से मौके से भाग गये जिसके सम्बन्ध में वादी द्वारा थाना सिरसागंज पर तहरीर दी गयी थी। उक्त प्रकरण के खुलासे के लिये वरिष्ठ अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस मुठभेड़ के दौरान मु0अ0सं0 426/24 धारा 303(2) बीएनएस0 में वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण–

1.तनजीब आलम पुत्र खुर्शीद आलम निवासी काहोरा का अड्डा चिड़ियाखाना मकान नम्बर 475 चौकी जहाँनाबाद थाना कोतवाली रायबरेली जनपद रायबरेली।

2. अनीस पुत्र नसीरखान निवासी ग्राम मड़ावा थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी –

1. 02 अदद तमंचा 315 बोर।
2. 03 अदद खोखा कारतूस 315 बोर।
3. 03 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर।
4. लूट करने में प्रयुक्त 01 वैगनार कार (UP-32-PP-4203)
5. 41 एटीएम कार्ड,
6. 02 मोबाइल फोन
7. 11,000 रुपये नगदी बरामद।